<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच समूह चर्चा आयोजित</u>

पन्तनगर। 07 जुलाई 2023। पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली), मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल व केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ द्वारा ग्राम दिनेशपुर (गदरपुर) व रामनगर (केलाखेड़ा) में दिनांक 05 जुलाई 2023 एवं ग्राम संजय नगर (पन्तनगर) में दिनांक 06 जुलाई 2023 को पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच समूह चर्चा आयोजित की गयी। इन समूह चर्चाओं का उद्घाटन, डा. उमेश सिंह, निदेशक, केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ द्वारा किया गया। निदेशक, केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ एवं डा. ए.के. दास द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला एवं पशुपालन के सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गयी। पशुपालकों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशुपालकों को सम्बोधित करते हुए पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की जानकारी दी गयी।

समूह चर्चाओं में परियोजना अधिकारी डा. सी.बी. सिंह एवं टीम के सदस्य डा. बृजेश सिंह, केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ से निदेशक सी.आई.आर.सी., डा. उमेश सिंह, डा. ए.के. दास द्वारा भाग लिया गया। समूह चर्चाओं में पशुपालकों का पंजीकरण श्री शिवांशु तिवारी व कुमारी अराधना फुलार एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. बृजेश सिंह द्वारा किया गया। समूह चर्चा में कुल 35 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




*पशुपालकों को पशुओं संबंधित सामग्री प्रदान करते वैज्ञानिक।*




*समूह चर्चा ग्राम रामनगर,कृ.त्रि. गर्भाधान केन्द्र–केलाखेड़ा में करते वैज्ञानिक।*



*समूह चर्चा ग्राम संजय नगर, कृ.त्रि. गर्भाधान केन्द्र–पंतनगर में करते वैज्ञानिक।*

**निदेशक संचार**